नववर्ष
2022 की
शुभकामनाएं
HAPPY
New Year

नया साल,2022
अनुच्छेद-लेखन

दुनिया भर में जाति और संस्कृति के भेदभाव के बावजूद सभी लोग नए साल को बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाते हैं। हर आयु वर्ग के लोगों द्वारा नए साल व्यापक रूप से मनाया जाता है। कुछ स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में क्रिसमस से नव वर्ष 1 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहता है। नए साल का मतलब होता है, साल का पहला दिन होता है। यह लोगों के जीवन में खुशियों के संकल्प के साथ आता है और सभी लोग नकारात्मक विचारों को पीछे छोड़ते हुए नए साल में नई शुरुआत करते हैं।

1.

1 जनवरी नया साल क्यों मनाया जाता है?

प्राचीन रोमन कैलेंडर में 10 महीने और 304 दिन होते थे और वसंत ऋतू के प्रारंभ में नया साल मनाया जाता था। इस परंपरा को रोम के संस्थापक रोमुलस द्वारा आठवीं शताब्दी ईसा पूर्व में बनाया गया था। 1713 ईसा पूर्व के दौरान, रोम के दूसरे राजा नुमा पोम्पिलियस ने रोमन कैलेंडर में दो अन्य महीनों को जोड़ा, जिन्हें जनवरी और फरवरी नाम दिया गया। लेकिन उस समय भी रोमन कैलेंडर का सूर्य के साथ सही तालमेल में बैठा। फिर 46 ईसा पूर्व सम्राट 'सीज़र' ने अपने समय के प्रमुख प्रमुख खगोलविदों और गणितज्ञों से परामर्श करके इस मामले को सुलझाने का फैसला किया। इसके बाद सभी विशेषज्ञों द्वारा विचारविमर्श के बाद सीज़र द्वारा 'जूलियन कैलेंडर' लागू किया गया, जो आधुनिक ग्रेगोरियन कैलेंडर के समान था। जिसे आज अंग्रेजी कैलंडर के नाम से भी जाना जाता है। सम्राट सीज़र ने 1 जनवरी को वर्ष के पहले दिन के रूप में स्थापित किया, जिसके बाद रोम के लोगों ने एक दूसरे को उपहार दिए और नए साल का जश्न मनाने लगे।

नए साल का जश्न कैसे मनाएं?

कई देश 31 दिसंबर की शाम से 1 जनवरी तक नए साल का जश्न मनाते हैं। कई लोग पूरी रात पटाखे फोड़ते हैं और खूब मस्ती करते हैं। कई देशों में नए साल के लिए पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। ओस्ट्रेलिया, हंगरी, क्यूबा और पुर्तगाल जैसे कुछ देशों में सूअर का मांस परवारिक व्यंजन के रूप में बनाया जाता है। इनका मानना है कि सूअर प्रगति और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। स्वीडन और नॉर्वे जैसे कई स्थानों पर नए साल की पूर्व संध्या पर चावल का हलवा बनाया जाता है। जबकि, नीदरलैंड, ग्रीस, मैक्सिको आदि में नए साल के दौरान केक और पेस्ट्री बनाई जाती है। इस तरह कई देश अपने अपने ट्रेडिशन के हिसाब से व्यंजन बनाते हैं।